हिंदी दैनिक


# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 29 देहरादून, मंगलवार, 18 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




घाट में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया हरेला पर्व 3

# गृहमंत्री की बैठक में सीएम धामी ने ड्रग्स की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर गिनाई उपलब्धियां






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 18 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के सबंध में आयोजित बैठक में वर्चुअल प्रतिभाग किया। बैठक में विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल, उपराज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अति महत्वपूर्ण विषय पर बैठक के आयोजन के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार, पूरी सख्ती के साथ ड्रग ट्रैफिकिंग के खिलाफ कार्य कर रही है और इसके सार्थक परिणाम भी लगातार देखने को मिल रहे हैं। राज्य सरकार उत्तराखंड में भी ड्रग ट्रैफिकिंग को रोकने व इसके तंत्र को ध्वस्त करने के लिए कारगर प्रयास कर रही है। उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग फ्री बनाने का लक्ष्य रखा है, इसके लिए हर स्तर पर कार्य योजना के साथ किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जहां एक ओर लोगों और विशेषकर युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई जा रही है वहीं दूसरी ओर नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी करवाई भी की जा रही है। इस वर्ष अभी तक एन.डी. पी.एस एक्ट के तहत 586 मामले पंजीकृत हुए हैं, जिनमें 742 आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं। मादक पदार्थों की रोकथाम एवं इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु उत्तराखण्ड राज्य में वर्ष 2022 में त्रिस्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उत्तराखण्ड में मानसिक स्वास्थ्य नियमावली को राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। नशे की प्रवृति को रोकने एवं नशाग्रस्त व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा पुनर्वास हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में नशा मुक्ति केंद्रों को प्रभावी बनाया जा रहा है। उत्तराखण्ड की जेलों में कैदियों को नशे से मुक्त कराने के लिए विशेष रूप से काउंसलिंग एवं सेमिनार भी आयोजित कराये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में चार इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिटक्ट्स संचालित हैं। एम्स नई दिल्ली की सहायता से राज्य में एडिक्शन ट्रीटमेंट फेसिलिटी का भी संचालन किया जा रहा है और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश में 10 बेड क्रियाशील है। केंद्र सरकार द्वारा उत्तरकाशी, चम्पावत, अल्मोडा एवं श्रीनगर में भी ए.टी.एफ के संचालन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को दिए जा रहे इस सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जनपद में संचालित शिक्षण संस्थानों में एंटी ड्रग क्लब कमेटी का गठन किया गया है जिसमें सदस्य के रूप में संस्थान के ही जागरूक छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानाचार्य को सम्मिलित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा वर्ल्ड एंटी ड्रग्स डे के अवसर पर 01 लाख 25 हजार युवाओं को 'एंटी ड्रग ई-शपथ' दिलाई गई। कक्षा 06 से लेकर 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में ड्रग्स के विषय को सम्मिलित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा एनसीईआरटी को प्रस्ताव भेजा गया है। नशे की रोकथाम एवं इसके सम्बन्ध में जानकारी तथा जन सामान्य को किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए गए हैं और इन्हें प्रसारित भी किया जा रहा है।

## कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले किसानों को मुख्यमंत्री धामी ने किया सम्मानित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को निरंजनपुर, देहरादून स्थित नवीन मंडी में आयोजित कार्यक्रम में कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं, इनका परीक्षण कराकर प्रस्ताव बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुआंवाला-डोईवाला मार्ग पर दण्डेश्वर मंदिर का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण कर लोगों को वृक्षारोपण के लिये प्रेरित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हजारों की संख्या में आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं सदी का भारत पूरी दुनिया को दिशा देने का कार्य कर रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य हो रहे हैं। उनकी प्रेरणा से कृषि के क्षेत्र में तमाम अनुसंधान हो रहे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य में भी 'एक जिला और दो उत्पाद' पर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से यह वर्ष अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। हमारे अन्न को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। नवाचार के क्षेत्र में देश में अनेक कार्य हो रहे हैं। स्वरोजगार के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। उत्तराखंड को जी-20 की तीन बैठकें आयोजित करने का अवसर मिला। देश के 50 से अधिक शहरों में इन बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर देश के छोटे शहरों को अन्तरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र देश की बैक बोन की तरह है। देश को मजबूती से आगे बढ़ाने में हमारे किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

## श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ऋषिकेश। श्रद्धालुओं ने सोमवार को सोमवती अमावस्या पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही गंगातट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गंगा स्नान के बाद भगवान सूर्य और विष्णु की आराधना की। मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने घाट पर जल अर्पित कर पूजन किया तथा जरूरतमंदों को अनाज और वस्त्र दान किए। ऋषिकेश में सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। त्रिवेणीघाट समेत विभिन्न स्नानघाटों पर श्रद्धालु परिवार के साथ स्नान पूजन को पहुंचे। भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्होंने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवती अमावस्या पर प्रमुख मार्गों पर मेले जैसा माहौल दिखा। स्नान के बाद भक्तों ने जरूरतमंदों को अनाज व वस्त्र दान किए। कई भक्त अपने साथ छोटे बच्चों को वितरित करने के लिए पेंसिल व किताबें लेकर आए। कुछ श्रद्धालुओं ने पूजन कर बच्चों का विधि विधान से मुंडन कराया। पुरानी मान्यता है कि ज्येष्ठ की अमावस्या पर गंगा स्नान करने से देवता खुश होते हैं। आज भक्तों ने भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं धन धान्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान पुण्य भी किया एवं गरीबों को भोजन भी कराया। सोमवती अमावस्या के चलते सोमवार को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। सीओ ऋषिकेश संदीप नेगी ने बताया कि बीते रोज जलस्तर बढने के बाद से ही सुरक्षा की दृष्टि से गंगा तट पर जवान तैनात किए गए थे। सुरक्षित घाटों पर ही लोगों को स्नान करने दिया गया। बताया कि विभिन्न घाटों पर दिनभर में एक लाख से अधिक ने स्नान किया।

# इनकम टैक्स भरते समय नहीं बताई ये बात तो लगेगा 10 लाख का जुर्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 जुलाई , इनकम टैक्स रिटर्न भरने की डेडलाइन नजदीक आ रही है. 31 जुलाई से पहले ITR दाखिल करना बहुत जरूरी है. बता दें, फिलहाल ये डेडलाइन आगे बढ़ने की उम्मीद नहीं है. अगर आप लास्ट डेट से पहले ITR नहीं फाइल करते हैं आपको भारी-भरकम जुर्माना देना पड़ सकता है. कई ऐसे भी लोग हैं जो नौकरी के अलावा दूसरे तरीकों से पैसे कमाते हैं. वहीं, कुछ विदेश जाकर नौकरी करते हैं. अब इनके सामने सवाल खड़ा होता है कि उन्हें ITR भरना चाहिए या नहीं... तो बता दें, आपको अपनी सभी कमाई को इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय बताना होता है. अगर आप कोई जानकारी ITR फाइल करते समय छुपाते हैं तो आप पर 10 लाख तक का जुर्माना लग सकता है.

**छुपाई ये जानकारी तो लग जाएगी पेनल्टी**

वहीं, अगर कोई टैक्सपेयर ये जानकारी छुपाता है तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट उसपर कार्रवाई कर सकता है. IT विभाग का कहना है कि ऐसे मामलों में काला धन और कराधान कानून 2015 के तहत टैक्सपेयर से 10 लाख रुपये की पेनल्टी ली जा सकती है.

**ये है नियम**


अगर कोई व्यक्ति एक फाइनेंशियल ईयर में 182 दिन तक देश (भारत) में रहते हैं तो उन्हें रेजिडेंट माना जाता है. रेजिडेंट इंडियन की ग्लोबल इनकम टैक्स के दायरे में आती है. विदेश में मिली सैलरी को इनकम फ्रॉम सैलरी हेड में दिखाना होगा. फॉरेन करेंसी में मिली सैलरी को आपको रुपये में कन्वर्ट करके इम्प्लॉयर की डिटेल देनी होगी.अगर इस सैलरी पर किसी तरह का टैक्स कटा है तो आप इसको रिटर्न में दिखाकर टैक्स क्रेडिट क्लेम कर सकते हैं. डबल टैक्सेशन अवॉइडंस एग्रीमेंट (DTAA) का फायदा लेकर आप दोहरे टैक्स से भी बच सकते हैं.




# इन चीजों पर मिलता है फ्री इंश्योरेंस, क्या आप जानते हैं ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 जुलाई , आजकल ज्यादातर लोग इंश्योरेंस पॉलिसी में निवेश करते हैं. लाइफ इंश्योरेंस आपको सुरक्षा कवर देता है जिससे किसी भी अनहोनी घटना के समय आर्थिक सहायता मिल जाती है. हालांकि, किसी भी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का लाभ आपको तभी मिलता है जब आप उसके लिए प्रीमियम का भुगतान करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपको यह इंश्योरेंस बिलकुल फ्री में भी मिल सकता है. रोजाना में हम तमाम जरूरत की चीजों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हमें उन पर मिलने वाली मुफ्त की सुविधाओं की जानकारी नहीं होती है.




अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में हम सब काफी चीजों का इस्तेमाल करते हैं, कई स्कीम्स में निवेश करते हैं, लेकिन हम में से अधिकतर लोगों को ये पता नहीं होता है कि इन पर क्या-क्या सुविधाएं मिलती हैं. आज हम आपको उन चीजों के बारे में बताएंगे जिनपर आपको फ्री बीमा की सुविधा मिलती है.

**डेबिट कार्ड**

डेबिट कार्ड आजकल सभी के पास होता लेकिन इस पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं. डेबिट कार्ड पर आपको बिलकुल फ्री में 5 लाख रुपये तक का लाइफ इंश्योरेंस मिलता है. सेविंग अकाउंट खुलवाने के साथ ही आपको बैंक का एटीएम कार्ड या डेबिट कार्ड मिल जाता है. इसके साथ में आपको किसी भी दुर्घटना में मौत हो जाने पर लाइफ इंश्योरेंस कवर मिलता है.

**गैस सिलेंडर**

रसोई गैस सिलेंडर तो सभी के घर होता है. गांव से लेकर शहर तक सभी घरों में रसोई गैस होता ही है. लेकिन लोगों को ये जानकारी नहीं है कि इस सिलेंडर पर मुफ्त में बीमा भी मिलता है. LPG कनेक्शन लेने पर पर्सनल एक्सीडेंट कवर मिलता ही है, साथ ही गैस सिलेंडर खरीदने पर भी इंश्योरेंस कवर मिलता है. इस कवर में रसोई गैस सिलेंडर के कारण होने वाले नुकसान को गिना जाता है.

**ईपीएफओ**

क्या आपको यह बात पता है कि ईपीएफओ इंश्योरेंस का भी फायदा देता है, जिसमें 7 लाख रुपये का कवरेज मिलता है? ईडीएलआई के तहत हर उस सैलरीड पर्सन को 7 लाख रुपये तक का इंश्योरेंस कवर मिलता है, जिसका पीएफ जमा होता है. अगर संबंधित व्यक्ति की अचानक मौत हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में उसके परिजनों को ईपीएफओ से इस बीमा के तहत 7 लाख रुपये तक की मदद मिल जाती है.

**जन धन खाता**

पीएम जन धन योजना के तहत खाताधारकों को दो तरह की बीमा यानी दुर्घटना और सामान्य इंश्योरेंस की सुविधा मिलती है. अकाउंट में एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और 30 हजार रुपये का सामान्य बीमा शामिल है. ऐसे में ग्राहकों को पूरे 1.30 लाख रुपये का लाभ मिलता है.

# सावन में टमाटर का शिवलिंग बनाकर हुआ अनोखा विरोध

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 जुलाई , देश भर में इन दिनों टमाटर के बढ़ते दाम ने सियासी पारा चढ़ा रखा रखा। यूपी में एक सियासी पार्टी ने टमाटर को लेकर वाराणसी में अनोखा प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया है। वाराणसी में सावन के महीने में टमाटर रूपी शिवलिंग बनाकर पूजन किया। वहीं टमाटर पूजन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बीच में ही टमाटर पूजन को रुकवा दिया। जिसे लेकर अपना दल (कमेरावादी) नेताओं ने शासन और प्रशासन पर जमकर तंज किया।

**टमाटर का शिवलिंग बनाकर की पूजा**

लगातार टमाटर के दाम में हो रहे वृद्धि को लेकर विपक्ष द्वारा अनोखा प्रदर्शन कर विरोध किया जा रहा है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समीप स्थित शिव मंदिर में स्थानीय नेताओं ने टमाटर के शिवलिंग का पूजन किया। विरोध स्वरूप नेताओं ने टमाटर के शिवलिंग की स्थापना कर, विधि -विधान से पूजन करते हुए




आरती उतारी। वहीं पूजा के बाद नेताओं ने जनता में टमाटर का प्रसाद वितरण कर, टमाटर के बढ़ते दाम को लेकर अपना विरोध व्यक्त किया।

पार्टी के नेताओं के द्वारा टमाटर के शिवलिंग की पूजन किए जाने के दौरान सिगरा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मंदिर में नेताओं से पुलिस टीम ने पूजा रोकने की बात कह उनसे थाने चलने की बात कही। वही सावन महीने में भगवान शिव का पूजन रोके जाने की बात बोलकर कार्यकर्ता शोर मचाने लगे, जिसके बाद पुलिस को पीछे हटना पड़ा। पूजन करवाने वाले नेता ने कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। महंगाई के खिलाफ अपनी जनभावना को अपने आराध्य भगवन शिव के सामने रखा है, इसमें किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# उत्तराखंड : पहाड़ से देहरादून आएंगे टमाटर, सस्ते होंगे रेट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 18 जुलाई : टमाटर के दाम सुनकर आज सबकी हालत खराब हैं। दाम आसमान छू रहे हैं। मगर यह खबर आपके कलेजे को भी राहत देगी। दो दिनों के बाद आज या कल पहाड़ी इलाकों से टमाटर की खेप देहरादून पहुंचने की उम्मीद हैं। इसके साथ ही कुछ दिनों में कर्नाटक की चिंतामणि मंडी से सब्जी पहुंचने के बाद लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बीते कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के चलते पहाड़ी इलाकों में रास्ते व सड़क बंद होने की वजह से चकराता, त्यूनी, थत्यूड़ समेत पहाड़ी इलाकों से टमाटर की फसल दून नहीं पहुंच पा रही थी जिसके चलते टमाटर के दाम 200 से 250 रुपये तक पहुंच गए हैं। कल पहाड़ी इलाकों से टमाटर की खेप आने की उम्मीद है। जबकि अगले कुछ दिनों में चिंतामणि मंडी से भी टमाटर और अन्य सब्जियां दून पहुंचेंगी। इसके बाद टमाटर और सभी सब्जियों के दामों में गिरावट आने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यह टमाटर जो पहले तो खूब खाया जाता था, अब मैकडोनाल्ड के बर्गर से गायब क्यों हो गया है, अरे यानी कि इनके भाव इतने बढ़ क्यों रहे हैं? टमाटर आपूर्ति



में व्यवधान के दो प्रमुख कारण हैं, गर्मी की लहर और उसके बाद हुई बेमौसम बारिश। गर्मी की लहर ने टमाटर की पैदावार को काफी कम कर दिया और बेमौसम बारिश ने फसलें नष्ट कर दीं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पैदा कर दिया। इस बीच जमाखोरी भी बढ़ गई। कुछ थोक व्यापारियों के बजाय हजारों किसानों और छोटे व्यापारियों ने भी कोल्ड स्टोरेज में जमाखोरी शुरू कर दी। और अब नतीजतन टमाटरों की कीमत आसमान छू रही है।

# केदारनाथ मंदिर में बैन हुआ मोबाइल, पढ़िए कड़े नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 18 जुलाई , आखिरकार केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन ले जाने पर पाबंदी लगा दी गयी है वहीँ नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई होगी .. केदारनाथ मंदिर में मंदिर परिसर के अंदर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करने पर मंदिर समिति ने प्रतिबंध लगा दिया.लेकिन But rule तोड़ा तो आपको बड़ी परेशानी भी हो सकती है।

देशभर में सबसे मशहूर उत्तराखंड का केदारनाथ मंदिर में अब श्रद्धालु फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी नहीं कर सकेंगे. क्योंकि केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश करने, फोटो लेने और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. actually दरअसल, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने हाल में सोशल मीडिया पर वायरल हुए कई विवादास्पद वीडियो को मद्देनजर रखते हुए केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है.

इस संबंध में समिति ने मंदिर परिसर में जगह-जगह बोर्ड लगा दिए हैं. इन










बोर्ड में कहा गया है कि मंदिर परिसर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश न करें, मंदिर के पास किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करना बैन पूर्णतः वर्जित है. अगर कोई फोटो लेता या वीडियो बनाता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजेंद्र ने बताया, "पिछले दिनों कुछ तीर्थयात्री मंदिर के अंदर अभद्र तरीके से वीडियो और रील बना रहे थे और तस्वीरें भी खींच रहे थे इसलिए केदारनाथ में चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं."

इससे पहले जम्मू के मशहूर बावे वाली माता मंदिर में श्रद्धालुओं के शॉर्ट्स पहनने पर प्रतिबंध लगाया था. बावे वाली माता मंदिर कमेटी और बाजार एसोसिएशन की तरफ से फैसला लिया गया कि मंदिर परिसर में भक्तों के लिए सर ढकना भी जरूरी है. Because क्योंकि काफी समय से लोग मंदिर में बिना सर ढके आ रहे थे इसके साथ ही कई भक्त छोटे कपड़े पहनकर भी यहां पहुंच रहे थे.वहीं, छोटे कपड़े पहनकर आने वाले लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा.

# ऋषिकेश : पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया हरेला पर्व

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 18 जुलाई : ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट, पूर्णानंद घाट में महिलाओं द्वारा की जा रही विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में महिलाओं द्वारा गंगा मां का पूजन कर अग्नि देव, वायु देव, वरुण देव, सूर्य देवता इंद्र देव की उपासना कर मनाया गया हरेला पर्व। हरेला पर्व पर गंगा के पावन तट पूर्णानंद घाट पर महिलाओं ने सभी जीवों की रक्षा, धरती माता को बचाने, व सभी प्राणियों के उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। पूर्णानंद घाट गंगा तट पर पीपल, बरगद, बेलपत्र एवं कदम का पौधा रोपण कर हरेला पर्व मनाया गया। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने किया हवन पूजन साथ ही हरेला पर्व के अवसर पर सभी ने एक स्वर से गंगा को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया।



ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा ने कहा कि प्रकृति और मनुष्य को जोड़ने वाला लोकपर्व है हरेला पर्व। ये पर्व प्रकृति और मनुष्य के तादात्म्य का उत्सव है और इस दौरान हम लोग प्रकृति और ईश्वर के प्रति आभार जताते हैं। सावन मास के हरेला पर्व का विशेष महत्व है सावन भगवान शिव का प्रिय मास है और उत्तराखंड को देवभूमि भी कहा जाता है। हरेला पर्व के समय शिव परिवार की पूजा अर्चना की जाती है और इस पर्व को शिव पार्वती के विवाह के रूप में भी मनाया जाता है।

डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि कहा हरेला पर्व हमारे लिए केवल एक रस्म-भर नहीं है, बल्कि यह खास दिन हरेला पर्व के महत्व को उजागर करने और लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है की प्रकृति को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने, जल का संरक्षण और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए हमें जागरूक होना चाहिए। हमें हर दिन को हरेला पर्व मानकर प्रकृति बचाव के लिए कुछ उपाय करते रहना चाहिए।

शील गुप्ता ने कहा उत्तराखंड प्रकृति के तोहफों से संपन्न राज्य है। यहां की खूबसूरती ही नहीं बल्कि देवी देवता दुनियाभर में जाने जाते हैं। यही कारण है कि, उत्तराखंड को देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से डॉक्टर ज्योति शर्मा, मंजू जोशी, आनन्द गुप्ता, प्रमिला, वंदना, गायत्री, आशा देवी, रेशमा नेगी, गंगा भाग गंगा दास, आदि महिलाओं ने पर्यावरण बचाने में मदद की अपील की।



## संक्षिप्त खबरें

### नहर में नहाते युवक की बहने से मौत

देहरादून। रायपुर में महाराणा प्रताप चौक के पास नहर में नहाते हुए एक युवक बह गया। बहकर वह झरने के जाल में फंसा। वहां से निकालकर अस्पताल भिजवाया तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि बंसी राम ने सोमवार दोपहर सूचना दी। बताया कि महाराणा प्रताप चौक पर नहर में नाते समय पानी में एक युवक बह गया। वह कुछ दूर आगे झरने के जाल में फंस गया। सूचना पर मालदेवता चौकी इंचार्ज राजीव धारीवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाल में फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला। वह अचेत था। उसकी पहचान तुषार वर्मा (22) पुत्र वीरेंद्र वर्मा निवासी ओखला गांव, रायपुर के रूप में हुई। एंबुलेंस से कोरोनेशन अस्पताल भिजवाया। वहां उसे मृत घोषित किया गया।

### जो पौधा लगाएं उसके देखरेख की जिम्मेदारी जरूर लें: तिवारी

देहरादून। दून शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने इस साल विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। सभी लोगों से अपील है कि जो भी पौधे लगाएं, उनके देखरेख की जिम्मेदारी जरूर लें। यह बात सोमवार को एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने धौरण से व्यापक पौधरोपण अभियान के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इस बार एमडीडीए ने एक नई पहल की है। जो संस्थाएं या लोग पौधे लेना चाहते हैं। वह द्वस्त्रस्त्रड्डशठ्ठद्यद्बठ्ठदग्.द्बठ्ठ पर जाकर पौधों की डिमांड भेज सकते हैं। गूगल फॉर्म में संबंधित व्यक्ति या संस्था को नाम पते के साथ पौधरोपण के लिए चयनित जगह को टैग करना है। ताकि भविष्य में उन पौधों की मॉनीटरिंग भी की जा सके। अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के द्वारा जामुन, आम, कटहल समेत अन्य फलदार पौधे लगवाए जा रहे हैं। अन्य विभागों की कहीं खाली जमीन है तो वहां एनओसी लेकर पौधरोपण करवाएंगे। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों, एनजीओ, सामाजिक संगठनों के माध्यम से भी पौधे लगवाए जा रहे हैं। धोरण में पौधरोपण करने के दौरान सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव कुश्म चौहान, रजा अब्बास, उद्यान अधिकारी एआर जोशी, सुधीर गुप्ता, प्रशांत सेमवाल, लेखपाल नजीर अहमद समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### पुरानी पेंशन बहाली को सांसदों के आवास पर घंटी बजाएंगे कर्मचारी

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारी सांसदों के आवास पर घंटी बजाएंगे। एक से नौ अगस्त के बीच बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद एक अक्तूबर को दिल्ली में शंखनाद महारैली निकाली जाएगी। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की धर्मपुर कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि उत्तराखंड में सांसदों के आवास पर घंटी बजाओ कार्यक्रम की सफलता को सभी जिला कार्यकारिणी ठोस रणनीति बनाएं। जब भी सांसद अपने आवास पर होंगे, जिला कार्यकारिणी घंटी बजा कर पुरानी पेंशन बहाली को दबाव बनाएगी। कहा कि एक अक्तूबर 2005 को पुरानी पेंशन बंद कर दी गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए एक अक्तूबर को ही दिल्ली में शंखनाद महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूरे देश से अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत, कोषाध्यक्ष शांतनु शर्मा, मनोज अवस्थी, सूर्य सिंह पवार, हर्षवर्धन जमलोकी, पुष्कर राज बहुगुणा, हेमलता कजालिया, उर्मिला द्विवेदी, संतोष गडोई, सुनील गुसाईं, अनुराग चौहान, रुचि पैन्यूली, पूजा श्रेष्ठ, समीक्षा शर्मा डोभाल, नीरज नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टरों ने जमीन पर मांगी लाखों की रंगदारी

देहरादून। गैंगस्टरों के आरोपी तीन लोगों ने एक व्यक्ति को जमीन पर निर्माण कराने से पहले लाखों रुपये की रंगदारी मांगी है। आरोप है कि पीड़ित पर वह मनमाने दाम पर उन्हें जमीन बेचने का दबाव भी बना रहे हैं। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोपी पीड़ित से दो साल पहले भी रंगदारी में सत्तर लाख रुपये ले चुके हैं। एसओ रायपुर जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पुनीत सिंह धनोला निवासी बलवीर रोड, डालनवाला की मजाड़ा में जमीन है। हाल में उन्होंने मौके पर निर्माण की तैयारी की।

# कांवड़ यात्रा में आपके ज़ज़्बे और साहस को सम्मान : अशोक कुमार, DGP उत्तराखंड



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 18 जुलाई , एक महाआयोजन , लाखों लाख की भीड़ , मौसम की चुनौती और लक्ष्य सेवा , सुरक्षा और सहयोग का .....लेकिन इस मुश्किल चुनौती को जीतने के लिए अनुभवी नेतृत्व , शानदार प्रबंधन और समर्पित टीम हो तो सम्मान के हकदार होना लाजमी है। लिहाजा श्री नीलकंठ महादेव कांवड़ मेला के सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 58 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और त्रिवेणी घाट ऋषिकेश में गंगा आरती करते हुये माँ गंगा का आशीर्वाद लिया।

ऋषिकेश में डीजीपी ने श्री नीलकंठ कावड़ यात्रा के दौरान भारी बारिश एवं विषम परिस्थितियों में मेले को सकुशल सम्पन्न कराने पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 58 पुलिस अधिकारी, कर्मी, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कांवड़ मेले में नियुक्त समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए शुभकामनायें दी । खुद डीजीपी अशोक कुमार ने जहां हरिद्वार में लगातार पुलिस मैनेजमेंट को निर्देशित किया वही एसएसपी अजय सिंह ने लगातार सड़कों पर उतर कर टीम का हौसला बढ़ाया।

पुलिस महानिदेशक द्वारा श्री नीलकंठ मेले को बारिश एवं विषम परिस्थितियों में मेले को सकुशल सम्पन्न कराने में महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र के साथ-साथ तीनों जनपदों के अच्छे समन्व्य स्थापित करते हुये पौड़ी पुलिस उत्साहवर्धन किया गया। इस कामयाब आयोजन में अनुभवी आईपीएस श्वेता चौबे के शानदार लीडरशिप ने हर मुश्किल को आसान बना दिया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने कहा कि भारी मौसम में चुनौती पूर्ण ड्यूटी के दौरान भी हमारे पुलिस के जवान डटे रहे। हमारी टीम के प्रयासों से ही यह मेला सफल रहा।

आपको बता दें कि बीते एक हफ्ते में कांवड़ यात्रा के दौरान की अनेकों ऐसी तस्वीरें लोगों ने देखी जहां पुलिस के जवानों और अफसरों ने श्रद्धालुओं की सेवा , सुरक्षा और सहयोग में दिल जीत लेने वाला काम किया है। ट्रेफिक मैनेजमेंट हो या आपातकालीन सेवा किसी भी स्थिति में लोगों को कोई दुश्वारी न हो इसका कुशल प्रबंधन भी हमने देखा है। ऐसे में सम्मान के हक़दारों का हौसला बढ़ाने लिए पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र , पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल आदि अधिकारी कर्मचारीगण इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# प्रदेश की समृद्धि में वृक्षों का महत्वपूर्ण योगदान : श्वेता चौबे, एसएसपी पौड़ी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 18 जुलाई , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त थाना/ चौकियों/पुलिस कार्यालय/समस्त शाखाओं/पुलिस लाईन में मौजूद समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध त्यौहार ₹हरेला पर्व” के अवसर पर साफ-सफाई व वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा स्वयं टीम के साथ थाना लक्ष्मणझूला पर आम, अमरुद, अनार, लीची आदि फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही जनपद के समस्त थाना/चौकियों/पुलिस कार्यालय/समस्त शाखाओं/पुलिस लाईन के कार्मिकों द्वारा हरियाली का प्रतीक “हरेला पर्व” जो कि प्रकृति प्रेम और कृषि विज्ञान को समर्पित, प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी, प्रकृति की रक्षा की सद्भावना, जन सहभागिता से पर्यावरण प्रदूषण से निपटने, प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने, मानव जीवन को



सुखी समृद्ध व संतुलित बनाए रखने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण की गुणवत्ता सुधारने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना/पुलिस लाइन पौड़ी/फायर स्टेशन पौड़ी/कोटद्वार परिसरो में ( आम, अमरुद, गुड़हल, पीपल, गुलाब, पपीते, बेल, आंवला आदि फलदार एवं छायादार ) वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।


**एसएसपी श्वेता चौबे ने दिया संदेशः-**

देश की समृद्धि में वृक्षों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। अतः राष्ट्र के हर नागरिक को अपने लिए और अपने राष्ट्र के लिए वृक्षारोपण करना बहुत आवश्यक है। इनकी जड़ें भूमि के कटाव को रोकने के साख-साथ हमें औषधियाँ, जड़ी बूटियां तथा जानवरों के लिए घास एवं चारा भी उपलब्ध कराकर पृथ्वी की खाद्य श्रृखंला का संतुलन बनाये रखने में महत्पूर्ण योगदान देते हैं।

# वर्दी में भी धाकड़ हैं IPS अमित सिन्हा, जीत लिया सोना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 18 जुलाई , मिलिए ये है उत्तराखंड का पावरफुल आईपीएस जो पावर लिफ्टिंग में है अव्वल, और जिन्होंने जीत लिया है अखिल भारतीय मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक,हालांकि इनकी उम्र 50 के आस-पास है लेकिन उत्तराखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी अमित सिन्हा ने लोगों के लिए बड़ी मिसाल पेश की है और अब चर्चाओं में हैं।



उत्तराखंड में एडीजी अमित सिन्हा ने 12 से 16 जुलाई तक विशाखापट्टनम में आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर उत्तराखंड का नाम रौशन कर दिया. उत्तराखंड को इस टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और एक रजत पदक मिला.1997 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित सिन्हा एडीजी विजिलेंस के पद पर कार्यरत हैं. लेकिन, फिटनेस को लेकर हमेशा अलर्ट रहते हैं. अमित सिन्हा के मुताबिक उन्होने पावरलिफ्टिंग अपने कॉलेज के दौरान शुरू की थी जब वे आईआईटी रुड़की में पढाई कर रहे थे.उत्तराखंड के हर जिले में उन्होंने बतौर पुलिस अधिकारी काम किया है. लेकिन, पावर लिफ्टिंग को लेकर उनका जुनून कभी खत्म नहीं हुआ. जब इस बार उत्तराखंड में सबको पछाड़ कर अपने आयु वर्ग में राज्य के प्रतिनिधित्व का समय आया तो वे टीम के साथ विशाखापट्टनम भी रवाना हो गए. वहां उन्होंने अपने राज्य को निराश नहीं किया. 120 किग्रा वजन के वर्ग में उन्होंने 435 किग्रा वजन उठा कर स्वर्ण पदक जीतकर मित्र पुलिस और खुद अपनी बेहतरीन काबिलियत का लोहा मनवाया है।




# रक्षा क्षेत्र में तरक्की और सैन्य सम्मान से कांग्रेस विचलित : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस अग्निवीर योजना को लेकर लगातार भ्रामक वातावरण बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों तक सेना को हाशिए पर रखकर उसकी जरूरत और रक्षा क्षेत्र की अनदेखी की। सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार रक्षा क्षेत्र के साथ ही सैनिकों की ताकत को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इससे विचलित है और इसीलिए झूठा प्रचार कर रही है। भट्ट ने कहा कि अग्निवीर योजना की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस योजना से युवाओं को रोजगार के चारगुना अधिक अवसर मिलेंगे। इससे सैन्य क्षमता में इजाफे के साथ ही अधिक सक्षम जवान देश को मिल पाएंगे। उन्होंने कहा कि सेना की औसत आयु को कम करने वाली यह योजना भारतीय सेना की क्षमता में वृद्धि करेगी। vउन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना किसी जानकारी के अग्निवीर योजना को लेकर भी भ्रम फैला रही है। भट्ट ने कहा कि अग्निवीर जैसी योजनाएं यूरोप, अमेरिका, चीन आदि तमाम देशों में लागू है और यह योजना आधुनिक सैन्य मजबूती की अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी सेना में वन रैंक वन पेंशन लागू नहीं की जबकि सेना को अन्य सुविधाओं से भी वंचित रखा गया।

# उत्तराखंड : ऋषिकेश में बन रहा है देश का पहला ग्लास ब्रिज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 18 जुलाई : ऋषिकेश यह शहर बाकी शहरों से अलग है। यहां का इतिहास, माहौल और यहां का वातावरण, हर किसी को अपनी तरफ खींचता है। हर किसी की पसंदीदा जगहों में से एक ऋषिकेश योग भूमि के रूप में विख्यात है।आध्यात्मिक और धार्मिक रूप से भी यहां लोग खूब आते हैं। अगर ऋषिकेश में कुछ सबसे ज्यादा लोकप्रिय है तो, वो हैं लक्ष्मण और राम झूला। जो भी यहां आता है, वो इन दो जगह ज़रूर जाता है। मगर बीते कुछ महीनों से लक्ष्मण झूला को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। पुल में आई दरारों ओर टूटती रस्सियों की वजह से इसे फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया और इसकी जगह पर कांच का नया पुल बनाया जा रहा है। ये पुल भारत का पहला ग्लास ब्रिज यानी कांच का पुल होगा।





इस कांच के पुल का नाम बजरंग सेतु होगा। इस झूले को मॉडर्न तकनीकी से लैस किया जा रहा है। लेकिन पुराना पुल, पुराना ही होता है। लक्ष्मण झूला ऐतिहासिक पुल है। 94 साल पुराना लक्ष्मण झूला अब भले ही लोगों के आने-जाने के लिए बंद कर दिया गया हो, लेकिन इसका इतिहास बहुत पुराना है। इसका निर्माण अंग्रेजों के जमाने में हुआ था। लक्ष्मण झूला 1929 में बनकर तैयार हो गया था। 1923 में इस पुल की नींव ब्रिटिश सरकार के कार्यकाल के दौरान पड़ी थी, लेकिन तेज बाढ़ के चलते साल 1924 में इसकी नींव ढह गई थी। इसके बाद एक बार फिर से इस पुल की नींव 1927 में रखी गई थी और 1929 में बनकर ये पुल तैयार हो गया था। यह पुल 11 अप्रैल 1930 को लोगों के लिए खोल दिया गया। खास बात ये है कि पहले इस पुल का निर्माण जूट की रस्सी से हुआ था। बाद में इसे कंक्रीट और लोहे की तारों से मजबूत बना दिया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि एक समय में, भगवान राम के भाई लक्ष्मण जी ने उसी जगह पर गंगा नदी पार की थी, जहां पुल का निर्माण किया गया है। मान्यताओं के अनुसार लक्ष्मण जी ने मात्र दो रस्सियों के सहारे नदी को पार किया था।

बाद में इस रस्सी की जगह नदी पार करने के लिए पुल का निर्माण कराया गया और इसका नाम पड़ा लक्ष्मण झूला। सबसे पहले ये जूट की रस्सी से बना था। गंगा नदी के ऊपर बना यह पुल 450 फीट लंबा झूलता हुआ पुल है। शुरू में यह जूट के रस्सों से बना था, लेकिन बाद में इसे लोहे की तारों से मजबूत बनाया गया। अब इस पुल की जगह कांच के पुल का निर्माण हो रहा है।लक्ष्मण झूला तीन अप्रैल 2022 को लोगों के आने-जाने के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

इसकी जगह पर तेजी से पहले कांच के पुल का निर्माण किया जा रहा है। लक्ष्मण झूला बंद होने की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। गंगा आरती देखने के लिए त्रिवेणी घाट जाने वालों के लिए कठिनाई खड़ी हो गई है। ऐसे में कांच का पुल जल्द बनाया जाएगा। मगर अब भी जब ऋषिकेश जाना होगा, तो दूर तक उस पुराने लोहे के लक्ष्मण झूले पर खड़े होकर गंगा नदी को देर तक निहारना बड़ा याद आएगा।

# इस IAS ने आंगनबाड़ी स्कूल में बेटी का कराया दाखिला, हो रही तारीफ






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 जुलाई , हाल ही में एक IAS अधिकारी ने उच्च पदों पर बैठे अफसरों के लिए मिसाल पेश करते हुए अपनी बेटी का आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले स्कूल में एडमिशन कराया है. अधिकारी वर्तमान में हरियाणा में रेवाड़ी के डीसी हैं. रज़ा अपनी पत्नी संग बेटी को आंगनबाड़ी स्कूल छोड़ने पहुंचे. उनके इस फैसले की हर कोई सराहना कर रहा है.

रेवाड़ी के डीएम मोहम्मद इमरान रजा गुरुग्राम के झाड़सा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले स्कूल में अपनी बेटी का दाखिला करवाया है. मोहम्मद इमरान रेवाड़ी के डीसी नियुक्त होने से पहले गुरुग्राम के मानेसर में नगर निगम के कमिश्नर के पद पर कार्यरत रहे थे. उनकी पत्नी डॉक्टर सदफ माजिद अपनी बेटी संग गुरुग्राम में ही रहती है. इसलिए, उन्होंने बेटी का एडमिशन गुरुग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले स्कूल में कराया है.

IAS इमरान रजा अपने इस सराहनीय फैसले की वजह से सुर्ख़ियों में बने हुए हैं. ऐसा नहीं है कि कोई सरकारी फरमान की वजह से उन्होंने मजबूरी में अपनी बेटी का दाखिला आंगनबाड़ी स्कूल में कराया है, बल्कि इसमें पति-पत्नी दोनों की मर्जी शामिल है. उन्होंने ऐसा करते हुए समाज को एक बेहतर संदेश देने का काम किया है.गौरतलब है कि आंगनबाड़ी जैसी सरकारी संस्थाओं में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे ही पढ़ते हैं.

ऐसे में एक बड़े अफसर और डॉक्टर की बेटी का वहां दाखिला होना बड़ी बात है. इससे शिक्षा के स्तर में सुधार करने की दिशा में भी काम किया जा सकता है जिसके कई पहलुओं पर गहन चर्चा की जा सकती है. खैर अधिकारी के इस फैसले की खूब तारीफ हो रही है.

# 4 करोड़ से ज्यादा कांवड़ यात्री छोड़ गए 35 हजार मीट्रिक टन कूड़ा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 जुलाई , कांवड़ मेले में इस बार 4 करोड़ से ज्यादा कांवरियां जल चढ़ाने पहुंचे। लेकिन अब कांवरियों के जाने के बाद हरिद्वार में फैला कूड़ा प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। मीडिया रिपोर्ट्सकी मानें तो कांवड़ यात्री 35 हजार मीट्रिक टन कूड़ा छोड़कर चले गए हैं। जिसकी सफाई करना नगर निगम प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती बना हुआ है। एक तरफ बारिश दूसरी तरफ कूड़े के ढ़ेर की गंदगी। जिससे जल्द हटाना प्रशासन के लिए बड़ा चैलेंज है। हालांकि, नगर निगम प्रशासन की ओर से सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है।कांवड़ मेला चार जुलाई से शुरू होकर 16 जुलाई तक चला। कांवड़ मेले में चार करोड़ से भी ऊपर कांवड़ यात्रियों ने हर की पैड़ी से जल भरा है। इस साल की कांवड़ यात्रा ने पिछले सभी सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस बार चार करोड़ 7 लाख कांवड़िये इस बार पहुंचे हैं। जबकि पिछले साल तीन करोड़ 80 लाख कांवड़िये हरिद्वार पहुंचे थे।इस दौरान पुलिस के लिए सुरक्षा और मेले को सकुशल सम्पन्न कराना भारी चुनौती रही। अब प्रशासन और नगर निगम के सामने हरिद्वार मेले क्षेत्र में फैला कूड़ा भारी चुनौती है।

गंगा घाटों के साथ ही तमाम क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े और प्लास्टिक की पन्नी के ढेर लगे हैं।हर की पैड़ी क्षेत्र, रोड़ी बेलवाला, पंतद्वीप, ऋषिकुल मैदान, और गंगा किनारे फैली गंदगी की दुर्गंध से बुरा हाल है। बारिश में अब इनसे संक्रामकबी-मारियां फैलने का डर भी सता रहा है। हालात ये है कि कांवड़ मेला क्षेत्र में प्रशासन की ओर से जो कूड़ेदान लगाए गए थे, उनके किनारे कूड़ा पड़ा हुआ है।







# जानिए एक दिन में कितनी बार होती है खुजली

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 18 जुलाई : खुजली होना बहुत ही आम बात है. आपने अक्सर देखा होगा कि खुजली करने से अच्छा महसूस होता है. इससे शरीर में एक अलग ही आनंद की अनुभूति होती है. खुजली शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है. आज हम आपको खुजली से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैक्ट्स के बारे में बताएंगे लिवरपूल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर फ्रांसिस मैक्लोन के अनुसार, एक शख्स को आमतौर पर एक दिन में 97 बार खुजली होती है ,पेड़-पौधे और कीड़े-मकोड़े इंसान की त्वचा पर एक टॉक्सिन छोड़ते हैं. इसके जवाब में हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम से हिस्टैमिन का स्राव होता है.



इसके बाद खुजली होने लगती है. अमेरिकी वैज्ञानिक जेआर ट्रेवर ने अपने जीवन के 40 साल खुजली की वजह ढूंढने में गुजार दिए थे. उन्होंने खुजाते-खुजाते अपनी चमडी तक उधेड़ डाली थी और इसके टुकड़ों को बडे-बडे वैज्ञानिकों को भेजा था. यहां तक कि उन्होंने इस पर रिसर्च पेपर भी लिख डाला था.

साल 1948 में अमेरिका की वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी ने खुजली पर एक रिसर्च पेपर छपा था. इसमें बताया गया था कि खुजली होने पर लोग खुद को जोर से खरोंच कर तकलीफ देते हैं, लेकिन इससे उन्हें राहत मिलती है. खुजली के बारे में सबसे पहली बार ध्यान सोलहवीं शताब्दी में दिया गया. सैमुअल हाफेरफेर नामक जर्मन फिजिशियन सबसे पहले इस समस्या को दुनिया के सामने लाए उन्होंने तब पहली बार दुनिया को बताया कि खुजली क्या होती है ,

# भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं अभिषेक बच्चन !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 जुलाई , आगामी लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट सुर्खियों में रह सकती है। क्योंकि समाजवादी पार्टी ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के पुत्र अभिषेक बच्चन को यहां से चुनाव लड़ाने की तैयारी में है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा इस संबंध में स्थानीय पदाधिकारियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। अब चर्चा है कि इस संबंध में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जल्द ही मुंबई जाकर अमिताभ बच्चन और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन से मुलाकात कर सकते हैं।

अगर अभिषेक बच्चन चुनाव लड़ते हैं तो चुनाव काफी दिलचस्प हो जाएगा। अमिताभ बच्चन का यहां से गहरा नाता रहा है। अभिषेक के भी काफी प्रशंसक हैं। अगर सपा से प्रत्याशी बने तो उनके







चुनाव प्रचार के बिग बी, जया बच्चन के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन का यहां आना तय है।बता दें कि इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर अमिताभ बच्चन ने 1984 में लोकसभा का चुनाव जीता था। तब उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं तब के दिग्गज नेता हेमवती नंदन बहुगुणा को शिकस्त देकर हर किसी को चौंका दिया था। हालांकि चुनाव में अमिताभ को 68 फीसदी वोट मिले, जबकि बहुगुणा के खाते में 25 फीसदी वोट आए।

**1984 वाला ही सीन बन रहा 2024 में**

अगले वर्ष लोकसभा चुनाव में अगर भाजपा वर्तमान सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी को टिकट देती है तो 1984 वाला ही सीन प्रयागराज में बन जाएगा। दरअसल तब डॉ.रीता बहुगुणा जोशी के पिता हेमवती नंदन बहुगुणा ने लोकदल से एवं कांग्रेस से महानायक अमिताभ बच्चन ने चुनाव लड़ा था।लेकिन इस बार अगर रीता और अभिषेक चुनाव मैदान में सामने आए तो मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा।

# रोमांच और रोमांटिक मूड वालों के लिए ये तैरता घर है बेस्ट डेस्टिनेशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 18 जुलाई , एक तैरता हुआ घर , शानदार सजावट और बेहतरीन सुविधाओं से सजा मिनी मालदीव का आनंद लेना भला कौन नहीं चाहेगा , यहाँ की खूबसूरती इतनी लाजवाब है कि हर ट्रैवलर यहाँ जाने की चाहत रखता है। काफी सारे लोग मालदीव छुट्टियां बिताने के लिए जाते हैं, तो कुछ लोग यहां पर अपने हनीमून के लिए भी आते हैं। लेकिन हम आपको आज रोमांचक मिनी मालदीव के बारे में बता-एँगे आपको यह जानकर हैरानी होगी की भारत में भी एक ऐसी जगह है जो बिलकुल मालदीव जैसा नजारा पेश करती है और इसी वजह से इस जगह को लोग मिनी मालदीव के नाम से भी जानते है। क्या आप भी आना चाहेंगे ऐसी एक रोमांटिक ट्रिप पर ? यह जगह देवभूमि उत्तराखंड में है, जो लोग अपने बजट को लेकर मालदीव की यात्रा नहीं कर सकते है वह मिनी मालदीव में जाकर वही आनंद उठा सकते है।जी हां, अगर आप कम पैसों में मालदीव घूमना चाहते हैं तो आपको



उत्तराखंड पहुंचना पड़ेगा,यहाँ पर मालदीव जैसी ही एक खूबसूरत जगह है,जो टिहरी बांध पर बसा हुआ है। यह जगह देखने में काफी खूबसूरत है और इस जगह का तैरता हुआ आलीशान घर उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है। इस ट्रिप की खास बात यह है कि आप यहां पर बजट में रहकर यात्रा का लुत्फ उठा सकते हैं।



टिहरी बांध पर पानी के बीचों बीचों एक फ्लोटिंग हाउस बना हुआ है, जो पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। ज्यादातर लोग इस फ्लोटिंग हाउस को देखने के लिए ही यहां जमा होते हैं। टूरिस्ट यहाँ फ्लोटिंग हाउस रहने का आनंद उठाते है और आसपास की जगहों घूमते है। यहां आने वाले पर्यटक कई तरह की वॉटर एक्टिविटी का भी लुफ्त उठा सकते है। मिनी मालदीव में फ्लोटिंग हाउस बुक करना काफी आसान है, इसके लिए आप अलग अलग बुकिंग एप्लीकेशन के जरिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है। फ्लोटिंग हाउस में आप अपने बजट के हिसाब से रूम बुक कर सकते हैं। आमतौर पर यहां पर आपको 2 से 3 दिन ठहरने का खर्चा कम से कम 8 से 10 हजार रुपए तक आ जाएगा। आप यहां हवाई मार्ग, रेल मार्ग या सड़क मार्ग से भी पहुंच सकते हैं. बता दें कि यहां का सबसे नजदीकी एयरपोर्ट देहरादून है, आप देश के किसी भी हिस्से से देहरादून पहुंच कर टैक्सी कैब लेकर टिहरी बांध पहुंच सकते हैं।

# यह दुनिया का सबसे खतरनाक कुत्ता खतरा भांपते ही कर देता हैं अटैक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 जुलाई : कुत्ते हम सभी को प्यारे होते हैं. कुत्तों को इंसान का सच्चा दोस्त माना जाता है. हालांकि दुनिया में कुछ ऐसे कुत्ते भी पाए जाते हैं, जो बेहद ही खतरनाक होते हैं. ये कुत्ते खतरे की जरा सी आहट पड़ने पर सामने वाले पर टूट पड़ते हैं. इन प्रजातियों के चंगुल से छूटना नामुमकिन माना जाता है. यदि आपके आस-पास इन प्रजातियों के कुत्ते रहते हैं तो आप सचेत रहिए, चाउ-चाउ प्रजाति के कुत्ते चीन में पाए जाते हैं. वैसे तो दिखने में ये कुत्ते बेहद शांत लगते हैं लेकिन होते बहुत खतरनाक हैं. इन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक कुत्तों में गिना जाता है. ये कुत्ते अपनी मर्जी के मालिक होते हैं. आपने जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते कई घरों में देखे होंगे. ये कुत्ते जर्मनी की प्रजाति के हैं. अपनी ताकत और निडरता की वजह से ये कुत्ते दुनियाभर में मशहूर हैं. खतरनाक होने के साथ-साथ जर्मन शेफर्ड मिलनसार स्वभाव के होते हैं. इनकी आक्रामकता को दूर करने के लिए इनसे लगातार शारीरिक गतिविधियां कराई जाती हैं. इन्हें जरा सी भी खतरे की आहट होती है तो ये हमला कर देते हैं.पिटबुल प्रजाति के कुत्ते भी बहुत ही आक्रामक होते हैं.आक्रामक रवैये के लिए यह दुनियाभर में जाने जाते हैं. बेहद खतरनाक होने की वजह से पिटबुल प्रजाति के कुत्ते कई बार बेवजह भी किसी पर हमला कर देते हैं. हालांकि, इनको सही तरीके से पाला जाए तो ये बहुत ही अच्छे दोस्त साबित होते हैं.रॉटविलर प्रजाति के कुत्ते दुनिया की सबसे खतरनाक कुत्तों की प्रजाति में आते हैं. रोट्टवीलर कुत्तों का शरीर बहुत ही गठीला और इनके जबड़े बेहद ताकतवर होते हैं. अनजान लोगों और दूसरी प्रजाति के कुत्तों से यह सख्त नफरत करते हैं.प्रेसा कैनारियो प्रजाति के कुत्ते अफ्रीका में पाए जाते हैं. इस प्रजाति के कुत्ते एक इंसान के वजन के बराबर होते हैं. ये 60 किलो तक के होते हैं और बेहद ही खतरनाक होते हैं. यदि इस प्रजाति के कुत्ते किसी पर भी हमला कर देते हैं तो उसका बच पाना बिल्कुल नामुमकिन होता है.



# उत्तराखंड : अलकनंदा नदी पर बनेगा डबल लेन मोटर पुल, हेमकुंड, फूलों की घाटी जाना होगा आसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 18 जुलाई : उत्तराखंड में सड़क सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसी कड़ी में गोपेश्वर में अलकनंदा नदी पर डबल लेन आरसीसी-स्टील गार्डर मोटर पुल बनाया जाएगा। इसके लिए शासनादेश जारी हो गया है। साथ ही पुल निर्माण के लिए 22.20 लाख रुपये की धनराशि भी अवमुक्त की गई है। पुल के बनने से हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों का सफर आसान बनेगा। साथ ही लोकपाल लक्ष्मण मंदिर, फूलों की घाटी और कागभुसुंडि की यात्रा आसान हो जाएगी।पुल का निर्माण गोविंदघाट पर किया जाएगा, जो कि हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग का अहम पड़ाव है। पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट और स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पुल बनने से भ्यूंडार, फूलों की घाटी, घांघरिया और हेमकुंड साहिब को जैसे स्थान आपस में जुड़ जाएंगे, जिससे यात्रा आसान होगी। हेमकुंड साहिब, लोकपाल लक्ष्मण मंदिर, फूलों की घाटी और कागभुसुंडी की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की संख्या हर साल बढ़ रही है। वर्तमान में यहां सिंगल लेन बेली ब्रिज से आवाजाही हो रही है। कई बार यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच हजार तक पहुंच जाती है। क्योंकि बेली ब्रिज की भार वहन क्षमता कम है, इसलिए यहां लंबे समय से दूसरे पुल की जरूरत महसूस की जा रही थी। अब यहां नए पुल के निर्माण के लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह डबल लेन आरसीसी मोटर पुल 105 मीटर स्पान का होगा।



# देश का इकलौता रेलवे स्टेशन, जहां जाने के लिए लेना पड़ता है वीजा और पासपोर्ट



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 18 जुलाई : भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में कुल 8338 रेलवे स्टेशन हैं, जो पूरे देश में फैले हुए हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि देश में एक ऐसा रेलवे स्टेशन भी है, जहां जाने के लिए आपको वीजा और पासपोर्ट की जरूरत पड़ती है. अगर कोई यहां बिना वीजा के जाता है तो उसे जेल तक जाना पड़ सकता है.

इस रेलवे स्टेशन का नाम अटारी है. अब इस स्टेशन को अटारी श्याम सिंह स्टेशन के नाम से जाना जाता है. यहां पर जाने के लिए पाकिस्तानी वीजा अनिवार्य कर दिया गया है. खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों से 24 घंटे घिरे इस रेलवे स्टेशन पर बिना वीजा पहुंचने वाले देश के किसी भी नागरिक को 14 फॉरेन एक्ट बिना वीजा के इस रेलवे स्टेशन पर आने का आरोप के तहत मामला दर्ज होता है और जिसकी जमानत बड़ी मुश्किल से होती है,इस रेलवे स्टेशन से देश की सबसे वीआईपी ट्रेन समझौता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जाती थी. बता दें कि समझौता एक्सप्रेस कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से बंद है. यह देश का पहला रेलवे स्टेशन है जहां ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए सीमा शुल्क विभाग के साथ-साथ ट्रेन में बैठे मुसाफिरों से इजाजत ली जाती है. इस रेलवे स्टेशन से हर रेलवे टिकट खरीदने वालों का पासपोर्ट नंबर लिखा जाता है और उन्हें कन्फर्म सीट मिलती है.अटारी पंजाब में हिंदुस्तान का आखिरी रेलवे स्टेशन है. इसके एक तरफ अमृतसर तो दूसरी तरफ लाहौर है. ये स्टेशन इतना बड़ा नहीं है, लेकिन यहां का रोल बहुत बड़ा है. ट्रेन बंद होने के बाद भी इस स्टेशन पर कुछ जरूरी काम चलता रहता है, लेकिन यहां फिर भी आसानी से लोगों को जाने की इजाजत नहीं मिलती है.

# छुटमलपुर : दिन हो या रात यूपी पुलिस हमेशा आपके साथ : SO प्रमोद कुमार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



सहारनपुर/ छुटमलपुर 18 जुलाई : दोस्तों हमारे देश की सुरक्षा में जितनी भूमिका भारतीय सेना की है, उतनी ही पुलिस की भी होती है। पुलिस वाले हमे रात भर चैन से सोने के लिए अपनी नींद की क़ुरबानी देते हैं। इनकी जितनी तारीफ करें उतनी ही कम है। वैसे तो पुलिस के बारे में अलग अलग तरह की बातें की जाती है, लेकिन आज हम बात कर रहे है एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की जिसने ये साबित कर दिया है की जब तक हमारे देश में ईमानदारी से पुलिस काम करती रहेगी तब तक हमारे देश की जनता को कोई भी परेशानी नहीं हो सकती। जी हां हम बात कर रहे है जिला सहारनपुर थाना फतेहपुर के SO प्रमोद कुमार की जो शानदार काम कर रहे है, और अपने पुलिस ऑफिसर होना का पूरा फर्ज निभा रहे है,

जब से SO प्रमोद कुमार की फतेहपुर थाने में पोस्टिंग हुई है, तब से अपराधियों के लिए मुसीबत बन गए है , जहां पर SO प्रमोद कुमार खड़े हो जाते है , वहां के आस-पास के इलाके में भी अपराधी घुसने की हिम्मत नहीं करते अपराधियों के दिलो में SO प्रमोद कुमार का ऐसा ख़ौफ़ पैदा हो गया है की या तो अपराधी थाने में आकर खुद सरेंडर कर रहे है या फिर शहर छोड़ कर भाग रहे है ,इतना ही नहीं SO प्रमोद कुमार ने सभी माता-पिता से अपील की है की अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दें, और बच्चों को उन हर चीज से दूर रखें जिससे वो अपराध की दुनिया में कदम रखे . आज कल अलग अलग तरह के अपराध हो रहे है। ऐसा ही एक वीडियो कॉल का इस्केम चल रहा है जिसमे आपका फ़ोन हैक कर लिया जाता आपको पता भी नहीं होता उसी बिच अनजान लड़की की आपके नंबर पर वीडियो कॉल आती है, जिसमे वो आपसे अश्लील बाते करती है और फिर आपकी वीडियो रिकॉर्ड कर लेती है उसके बाद आपको ब्लैक मेल किया जाता है आपसे पैसे मांगे जाते है, तो आपके पास भी कभी किसी अनजान लड़की की वीडियो कॉल आती है तो सावधान रहे । SO प्रमोद कुमार ने जनता को ये भरोसा दिलाया है, दिन हो या रात, धूप हो या बरसात आपकी सेवा के लिए यूपी पुलिस हमेशा आपके साथ। SO प्रमोद कुमार ने एक शानदार शायरी बोली। पुलिस वालों पर ज़िम्मेदारी का सवाल होता हैं, हमें खुद से ज्यादा आपका का ख्याल होता हैं, जनता की रक्षा के लिए हर वादे तोड़ के आया हूँ, मैं खाकी हूँ ,जनता की रक्षा करने के लिए अपनों को छोड़ कर आया हूँ,

## संपादकीय




# सत्ता बनाम विपक्षी एकता

राष्ट्रीय राजनीति में होड़ और अपनी ताकत बढ़ाने का मौसम आ गया है। दो तारीखें-17 और 18 जुलाई-महत्त्वपूर्ण हैं। बेंगलुरू में विपक्षी दलों की बैठक जारी है। इस बार 7 नए दल भी विपक्षी एकता की मुहिम में जुड़े हैं, लिहाजा अब 24 दल विपक्षी मंच पर लामबंद होने की प्रक्रिया में हैं। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच जो पेंच थे, उन्हें कस दिया गया है। अब केजरीवाल और 'आप' के अन्य नेता भी विपक्षी एकता के अभियान से जुड़े हैं। मंगलवार 18 जुलाई को 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' (एनडीए) की बैठक है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी शिरकत करेंगे। कुछ नए दलों को भाजपा ने निमंत्रण भेजा है। उनमें सुभासपा, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट), जनसेना पार्टी आदि ने तो भाजपा के साथ गठबंधन घोषित भी कर दिया है। इनमें से ज्यादातर दल पहले भी भाजपा के साथ रहे हैं, उनके नेता राज्यों की कैबिनेट में मंत्री रहे हैं, फिर पाला बदल कर किसी और के साथ गठबंधन किया और अब 2024 के आम चुनाव से पहले एक बार फिर लौट रहे हैं। विचारधारा का कोई आधार नहीं है, विशुद्ध रूप से अवसरवादी और मलाईदार राजनीति का आकर्षण है। हरियाणा में 'जननायक जनता पार्टी' साझा सरकार में है, लेकिन हैरानी है कि तेलुगूदेशम पार्टी, जनता दल-एस, अकाली दल आदि के नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्तर तक बातचीत की है और सौदेबाजी जारी है। भाजपा का दावा है कि एनडीए की बैठक में 30 दलों के नेता शिरकत कर रहे हैं। इनमें अधिकतर दल भाजपा-विरोधी रहे हैं, लेकिन एनडीए के साथ भी राजनीति करते रहे हैं। यह पूरी तरह चुनाव जीतने का जुगाड़ है, क्योंकि उनकी प्रत्यक्ष विचारधारा बिल्कुल विरोधाभासी है। बहरहाल एनडीए और विपक्षी गठजोड़ का विस्तार स्पष्ट है। चुनाव इन्हीं समीकरणों पर तय नहीं होते। इन दलों के अलावा बसपा, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, भारत राष्ट्र समिति आदि कुछ बेहद महत्त्वपूर्ण दल हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावशाली हैं और कुछ दल तो सत्ता में भी हैं। घोषित रूप से ये दल न तो विपक्षी एकता के पाले में हैं और न ही एनडीए के घटक हैं, लेकिन संसद में महत्त्वपूर्ण और विवादास्पद विधेयकों पर वे भाजपा का समर्थन करते रहे हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# फिटनेस के मामले में लड़कियों को मात देती हैं 67 साल की दादी, रोज जिम में बहाती है पसीना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 18 जुलाई : आज के जमाने में हर कोई फिट रहने की कोशिश करता है, हालांकि समय न होने की वजह से लोग अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दे पाते हैं. कई लोग इस भागदौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर एक्सरसाइज करने की कोशिश भी करते हैं. हालांकि, समय की कमी की वजह से वह ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते हैं. इसके उलट इन दिनों एक 67 साल की बुजुर्ग महिला अपने फिटनेस को लेकर दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रही हैं.डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, 67 साल की यह महिला अपनी फिटनेस के मामले में 20 साल की लड़कियों को भी मात देती है. बुजुर्ग महिला अधेड़ होने के बावजूद इतनी अधिक फिट हैं कि कम उम्र की युवतियां भी उन्हें देखकर शरमा जाएं. इस महिला का नाम शैरन गार्नर है. महिला इंग्लैंड के कॉर्नवॉल में रहती हैं. 67 साल की उम्र में गजब की फिटनेस देखकर लोग उन्हें सुपर-ग्रैनी कहकर बुलाते हैं.आपको जानकर हैरानी होगी कि इस उम्र में महिला गठिया (arthritis) रोग से भी पीड़ित हैं. इसके बाद भी वह कभी गठिया को अपनी कमजोरी नहीं बनातीं. इतनी अधिक उम्र की होने के बावजूद वह हर रोज जिम जाती हैं और अपनी फिटनेस का बहुत ध्यान रखती हैं. वह जिम आने वाली अपने से कम उम्र की लड़कियों से अधिक वजन उठाती हैं और कठिन से कठिन एक्सरसाइज भी बड़ी आसानी से कर लेती हैं.शैरन कहती हैं कि अनफिट लोगों को उनसे सीख लेनी चाहिए. गठिया होने के बाद भी वह बहाने नहीं बनाती हैं और कड़ी मेहनत करती हैं. शैरन कहती हैं कि अगर वह 67 साल की उम्र में यह सब कर सकती हैं तो कम उम्र के लोग भी ऐसा कर सकते हैं. बता दें कि शैरन के 8 नाती-पोते हैं. वह लगातार किक बॉक्सिंग, स्विमिंग और रनिंग करती हैं. शैरन पिछले साल 2 हाफ मैराथन में भी दौड़ी थीं. आपको जानकर हैरानी होगी कि जिम में वह लड़कों को भी जोरदार टक्कर देती हैं.



# हरेला पर जंगल में महिलाओं ने किया शानदार हरित आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 18 जुलाई , हरेला पर्व पर महिलाओं का जोश देखने लायक रहा। सुबह अपने घरों से पौधे लेकर देहरादून की बद्रीश कॉलोनी में रिंग रोड पर इन दर्जनों महिलाओं ने पौधा रोपण किया और हरित प्रदेश का सन्देश दिया।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रदेश मंत्री कमली भट्ट के नेतृत्व में भारी संख्या में महिलाओं ने 101 पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया महिलाओं के समूह ने आम नीम पीपल आंवला आदि के वृक्ष रोपित किए गए इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को इस धरा को हरा भरा बनाने हेतु वृक्ष लगाना बहुत आवश्यक हो गया है और इसे हमें अपना दायित्व समझ कर करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को यह धरती हरी-भरी और शुद्ध वातावरण से भरपूर कर सकें कार्यक्रम की संयोजिका प्रदेश मंत्री पार्षद कमली भट्ट ने कहा कि प्रत्येक वर्ष लाखों पौधे विभिन्न विभागों और संस्था द्वारा लगाए जाते हैं किंतु देखरेख के अभाव में वह नष्ट हो जाते हैं इसलिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की की जो भी वृक्ष लगाया जाए उनकी देखरेख भी की जाए ताकि वह सही तरीके से फल फूल सके और पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान दे सकें उन्होंने कहां की हरेला के शुभ अवसर पर पूरे महीने अपने घर आंगन के आसपास वृक्षारोपण कर वातावरण को सुंदर स्वच्छ एवं खुशहाल बनाएं।

इस अवसर पर कलावती भारद्वाज,गीता पुरोहित, यशोदा गुसाईं, कुसुम जुगरान, संतोष बलोनी,सरिता देवराडी, रेवती पांडे,बीना मनोरी, भुनेश्वरी सुंद्रियाल, सुरेशी चौहान,विमला चमोली,मुन्नी राणा, लता जाजेरी, मालती रौथान, यशोदा सुंडली,आदि कई लोग उपस्थित रहे।



# यूएसनगर में हरेला पर्व पर प्रभारी मंत्री, डीएम ने किया पौधा रोपण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर , 18 जुलाई , जनपद प्रभारी एवम ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा ने सभी को हरेला पर्व की बधाई दी। जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा ने शिवालय मंदिर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया और पूजा अर्चना कर देश–प्रदेश की खुशहाली, तरक्की, चहुंमुखी विकास एवम दैवीय आपदाओं के प्रकोप से से राज्य व देश बचाने की कामना की।

जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हरेला पर्व पर्यावरण के संरक्षण का प्रतीक है। उन्होने कहा कि हम सबको अधिक से अधिक संख्या में और पूरी निष्ठा से इस पर्व को मनाना चाहिए। उन्होने कहा कि यदि हम सब अब भी पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सचेत नही हुए तो हमारी आने वाली पीढ़ी को इस जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव झेलने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के दृष्टिगत हमें अपनी जीवन शैली, राहन-सहन, खान-पान आदि व्यापक चीजों जिससे जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उन सभी में बदलाव की जरूरत है।




उन्होने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के समय वर्षा न होना एवं बिना मानसून के अत्यधिक वर्षा होने से हमारी फसल चक्र प्रभावित होगी, फसल चक्र प्रभावित होने से हम सबके सामने खाद्य संकट जैसी कई समस्याऐं खड़ी हो सकती है। उन्होने कहा कि हरेला पर्व पर्यावरण के संरक्षण, हरियाली, खुशहाली उन्नति का पर्व है। उन्होने कहा कि हम सबको प्रयास करना होगा कि यह पर्व के जो भाव है वह सिर्फ हम तक ही सीमित न हो अपितु अन्य राज्यों भी अपने साथियों तक पहुंचे और हरेला पर्व को पूर्ण मन से मानये। उन्होने कहा कि जो वृक्ष हमसब लगाते है उसे देखें कि अगले वर्ष वह कितना बढ़ा है, और उसकी पूरी देखभाल करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि हम सबने जलवायु परिवर्तन के बारे में पढ़ा था किन्तु आज देख भी रहे है, जहां बारिश होनी चाहिए थी वहा बारिश नही हो रही है और जहा वर्षा की आवश्यकता नही है वहां अत्यधिक वर्षा हो रही है। उन्होने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व ग्लोबल वार्मिंग का सामना कर रहा है और पर्यावरणीय असंतुलन से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व को जलवायु परिवर्तन के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य के प्रति अभी से सचेत होना होगा। जिलाधिकारी उदयराज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा ने संजय वन, कैम्प कार्यालय परिसर में भी वृक्षारोपण किया।




## संक्षिप्त खबरें

### सही कंस्ट्रक्शन न करने और धमकी देने के आरोपी पर केस

देहरादून। खराब क्वालिटी का कंस्ट्रक्शन करने के आरोप में शारदा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक के खिलाफ रायपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि केनरा बैंक में कार्यरत नेहा शर्मा और महिंद्र कंपनी में काम करने वाले उनके भाई रवि शर्मा ने रायपुर थाना पुलिस को शिकायत दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि दोनों ने शारदा कंस्ट्रक्शन कंपनी को मटेरियल के साथ मकान बनाने के लिए कार्य दिया। दोनों पक्षों के बीच एक एग्रीमेंट भी हुआ। कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक वीवी सिंह के खाते में 29.20 लाख जमा कराए गए। काम शुरू किया गया। आरोप है कि काम की क्वालिटी बेहद खराब थी। आरोप है कि ड्राइंग के हिसाब से भी काम नहीं किया जा रहा था। क्वालिटी खराब होने की वजह से काम बंद करने को कहा गया। जितनी लागत लगी उतना पैसा काटकर बाकी वापस मांगा गया। आरोपी है कि वीपी सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी है।

### अवैध शराब बिक्री की शिकायत की

देहरादून। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र के माजरी, नवादा, बद्रीपुर, रिस्पना पुल दीपनगर के साथ ही डिफेंस कॉलोनी पुलिस चौकी से सटे बाजार अवैध शराब की बिक्री शिकायत एसपी सिटी से की है। रिस्पना पुल के पास हरिद्वार रोड स्थित विदेशी शराब की दुकान के संचालक दिनेश मल्होत्रा ने शिकायत में कहा है कि इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री करने वालों के नाम भी एसपी सिटी को सौंपे हैं। एसपी सिटी ने डिफेंस कॉलोनी चौकी इंचार्ज और नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

बाल श्रम के मामले में 30 पर मुकदमा कराया : सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता ने बताया कि डीएम के निर्देश पर देहरादून जिले में विशेष अभियान चलाकर 37 बाल श्रमिकों को छुड़वाया गया। इस मामले में 30 लोगों पर मुकदमा कराया गया है, जो बाल श्रम करवा रहे थे। एक महीने में चलाए गए अभियान में 31 बाल श्रमिक और 6 किशोर श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। उनके शैक्षणिक पुनर्वास के लिए शिक्षा विभाग को ब्योरा भेजा गया है। साथ ही साप्ताहिक रेस्क्यू अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

### एडीजी सिन्हा ने जीता आल इंडिया पावर लिफ्टिंग में गोल्ड

देहरादून। एडीजी अमित सिन्हा ने विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर प्रदेश के साथ उत्तराखंड पुलिस का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने 120 किग्रा भार वर्ग में कुल 435 किलोग्राम वजन उठाया। इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों से कुल 456 भारोत्तोलकों ने भाग लिया था। इस प्रदर्शन के साथ ही एडीजी सिन्हा अक्टूबर में मंगोलिया में आयोजित होने वाली विश्व चौंपियनशिप के लिए भी चयनित हो गये हैं। उनकी इस उपलब्धि पर डीजीपी अशोक कुमार सहित तमाम खेल प्रेमियों व अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। एडीजी सिन्हा उत्तराखंड पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं।

### मकान खरीदने के झांसे में लाखों गंवाने वाली उत्तरकाशी की महिला ने उठाए सवाल

देहरादून। मकान बेचने के नाम पर 42 लाख की धोखाधड़ी के शिकार हुई उत्तरकाशी की महिला न्याय की गुहार लगा रही है। पीड़िता का कहना है कि कैंट पुलिस ने आरोपी मां-बेटी पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया। इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उत्तरकाशी बडकोट की रहने वाली झूमागौरी पत्नी जाधव गौरी ने सोमवार को दून के एक क्लब में प्रेस वार्ता की। कहा कि दो साल पहले जमीन और मकान खरीदने के लिए देहरादून आए थे। एक रेस्टोरेंट में चाय पी रहे थे। जमीन मकान खरीदने की बात करते समय पास में बैठे लोगों ने उनकी बात सुन ली। इसके बाद उन्होंने मकान और जमीन दिलाने की बात कही। बताया कि उनके पति आरोपी शिवांगी और उसकी मां शालिनी राजपूत निवासी सैय्यद मोहल्ला किशन नगर के झांसे में आ गए। एक मकान उन्होंने दिखाया। डील होने पर खाते में 34 लाख 50 हजार 100 रुपये जमा कराए गए। इसके अलावा आठ लाख नकद भी दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने मकान की रजिस्ट्री नहीं की। पीड़ित पक्ष ने मामले में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

### त्रिवेणीघाट पर फिर पसरा अतिक्रमण

ऋषिकेश। अतिक्रमण हटने के बाद खुला नजर आ रहा त्रिवेणीघाट अब फिर कब्जों से पट गया है। घाट पर तमाम तरह की पूजा सामग्री और गंगाजल बेचने के लिए दुकानें सज गई हैं, जिससे गंगा दर्शन और स्नान को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतें पेश आ रही है। घाट के संपर्क मार्ग पर बेतरतीब वाहनों ने श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन में राज्य सरकार ने त्रिवेणीघाट पर मेहमानों को गंगा आरती कराई।